व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

द्वितीय सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक

(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOC-131, BCOC-133, ECO-07 और BRL-113 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. सी. ओ. सी. -133**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**व्यावसायिक सन्नियम**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी.सी.ओ.सी.-133/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड - क

1. अनुबंध करने की क्षमता किसमे है? अवयस्क के साथ किए गए अनुबंधों की स्थिति स्पष्ट कीजिए | **(10)**

2. "कैविएट एम्प्टर" का सिद्धांत क्या है? इस सिद्धांत के अपवाद क्या हैं? **(10)**

3. गिरवीकर्ता और गिरवीग्राही के अधिकार व कर्तव्य बताइए | **(10)**

4. साझेदारी और संयुक्त हिंदू परिवार के बीच अंतर बताएं। **(10)**

5. हुंडी के साथ बिल की तुलना करें और उनमें अंतर बताएं। विभिन्न प्रकार की हुंडियों का संक्षेप में वर्णन करें। **(10)**

खण्ड – ख

6. नियत समय (Holder in due course) में धारक कौन है? उसके विशेषाधिकारों को स्पष्ट कीजिए। **(6)**

7. भारतीय अनुबंध अधिनियम के अंतर्गत बाजी के करार सम्बन्धी कानून की विवेचना कीजिए। **(6)**

8. "सह-गरंटीकर्ताओ में परस्पर दायित्व और लाभ की दृष्टि से समानता होती है |" व्याख्या कीजिए| **(6)**

9. माल की बिक्री के अनुबंध में निपटान के अधिकार के आरक्षण का क्या मतलब है? **(6)**

10. **निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट्स लिखें:** **(2 x 3)**

क) क्रॉस ऑफर

ख) आकस्मिक सामान

ग) अर्ध अनुबंध (Quasi Contract)

खण्ड – ग

11. 'नवीयन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। नवीयन, निरस्तीकरण से किस प्रकार भिन्न है? **(5)**

12. किन परिस्थितियों में अदालत किसी साझेदार के मुकदमे पर फर्म के विघटन का आदेश दे सकती है? **(5)**

13. "अनुबंध के लिए अजनबी मुकदमा नहीं कर सकता, लेकिन प्रतिफल के लिए अजनबी मुकदमा कर सकता है"। टिप्पणी कीजिए | **(5)**

14. व्यर्थ और व्यर्थनीय अनुबंधों के बीच अंतर बताइये| **(5)**